**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** **Code No. 4304**

**Series : SS-M/2019**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

# हिन्दी (ऐच्छिक)

## HINDI (Elective)

***ACADEMIC/OPEN***

( Only for Fresh/Re-appear Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **10** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/ पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

ClassResult.in

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*** *कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*

*(ii) जिन प्रश्नों के कई भाग हैं, उन्हें एक साथ कीजिए।*

*(iii) वर्तनी की अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में अंक काटे जाएँगे।*

*(iv) शुद्ध, सुपाठ्य और सटीक उत्तरों को अधिमान दिया जाएगा।*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों (i) से (iv) के उत्तर उसके नीचे दिए गए विकल्पों में से एक ***सही*** विकल्प चुनकर दीजिए तथा शेष प्रश्नों (v) से (x) के उत्तर एक शब्द या वाक्य में दीजिए : $1 \times 10 = 10$

(i) कवि अज्ञेय ने कामधेनु का अमृत-पय पूत किसे कहा है ?

(क) गोरस (ख) गोरज

(ग) गोवंश (घ) गोपाल

ClassResult.in

(ii) यह दीप अकेला किससे भरा हुआ है ?

(क) घमण्ड (ख) दया

(ग) स्नेह (घ) शक

(iii) घनानंद ने सोचने से किसके जलने की बात कही है ?

(क) हृदय (ख) लोचन

(ग) मस्तिष्क (घ) तन

(iv) 'बिधि' किसके दुलार को सह नहीं सके ?

(क) राम के (ख) भरत के

(ग) कौशल्या के (घ) कैकयी के

(v) स्कन्दगुप्त किससे प्रेम करता था ?

(vi) समुद्र से मोती कौन निकाल रहा था ?

(vii) तुलसीदास की खड़ाऊ कहाँ रखी थी ?

(viii) 'बाजि' किस पशु को कहते हैं ?

(ix) युधिष्ठिर और विदुर की मुलाकात कहाँ हुई ?

(x) कवि को वसन्त की सूचना किससे मिली ?

**2.** निम्नलिखित काव्यांशों में से किसी ***एक*** काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

सिंधु तरयो उनको बनरा तुम पै धनुरेख गई न तरी।
बाँधोई बाँधत सो न बन्यो उन बारिधि बाँध कै बाट करी।।
श्रीरघुनाथ-प्रताप की बात तुम्हैं दसकंठ न जानि परी।
तेलनि तूलनि पूँछि जरी न जरी, जरी लंक जराइ-जरी।।

**अथवा**

के पतिआ लए जाएत रे मोरा पिअतम पास।
हिए नहिं सहए असह दुख रे भेल साओन मास।।
एक सरि भवन पिआ बिनु रे मोहि रहलो न जाए।
सखि अनकर दुख दारुन रे जग के पतिआए।।

ClassResult.in

**3.** जयशंकर प्रसाद ***अथवा*** घनानंद के जीवन, रचनाओं और काव्यगत विशेषताओं का परिचय दीजिए। 5

**4.** निम्नलिखित काव्यांशों में से किसी ***एक*** काव्यांश का काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 4

मैं तुम्हारा विरोधी प्रतिद्‌वंद्‌वी या हिस्सेदार नहीं
मुझे कुछ देकर या न देकर भी तुम
कम से कम एक आदमी से तो निश्चिंत रह सकते हो।

**अथवा**

टूटहिं बुंद परहिं जस ओला। तेहि जल अंग लाग सर चीरू।
केहिक सिंगार को पहिर पटोरा। तँ सो भँवर मोर जोबन फूलू।

ClassResult.in

**5.** पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 3 = 6$

(क) 'यह दीप अकेला' के आधार पर व्यष्टि का समष्टि में विलय क्यों और कैसे संभव है ?

(ख) भरत ने राम के प्रति अपनी श्रद्‌धा कैसे व्यक्त की है ?

(ग) विद्यापति ने नायिका के प्राण तृप्त नहीं होने का जो कारण बताया है, उसे स्पष्ट कीजिए।

**6.** निम्नलिखित प्रश्नों (i) से (iv) के उत्तर उसके नीचे दिए गए विकल्पों में से एक ***सही*** विकल्प चुनकर दीजिए तथा शेष प्रश्नों (v) से (x) के उत्तर एक शब्द या वाक्य में दीजिए : $1 \times 10 = 10$

(i) रामचन्द्र शुक्ल को किस उम्र में समवयस्क हिन्दी प्रेमियों की मण्डली मिली ?

(क) 16 वर्ष (ख) 17 वर्ष

(ग) 18 वर्ष (घ) 20 वर्ष

(ii) बड़ी बहुरिया ने हरगोबिन को कितने रुपए दिए ?

(क) पाँच (ख) दस

(ग) पन्द्रह (घ) बीस

ClassResult.in

(iii) बरगद के पेड़ के नीचे कौन बैठा था ?

(क) चीता (ख) शेर

(ग) बन्दर (घ) राजा

(iv) वीरेश लिंगम किस भाषा के कवि थे ?

(क) तमिल (ख) तेलुगू

(ग) मलयालम (घ) कन्नड़

(v) किस ऋषि को कुटज कहते हैं ?

(vi) किस पंडा ने यह कहा कि 'चंदन तिलक के बिना अस्नान अधूरा होता है बेटा' ?

(vii) 'पांचजन्य' किसका नाम है ?

(viii) 1926 ई० से पूर्व सिंगरौली में किस जाति के राजा का शासन था ?

(ix) कांग्रेस का हरिपुरा अधिवेशन कब हुआ ?

(x) शापित होकर रामगिरि कौन गया था ?

**7.** निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी ***एक*** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

ClassResult.in

पुर्जे खोलकर फिर ठीक करना उतना कठिन काम नहीं है, लोग सीखते भी हैं, सिखाते भी हैं, अनाड़ी के हाथ में चाहे घड़ी मत दो पर जो घड़ीसाज का इम्तिहान पास कर आया है उसे तो देखने दो। साथ ही यह भी समझा दो कि आपको स्वयं घड़ी देखना, साफ करना और सुधारना आता है कि नहीं। हमें तो धोखा हुआ है कि परदादा की घड़ी जेब में डाले फिरते हो, वह बंद हो गई है, तुम्हें न चाबी देना आता है न पुर्जे सुधारना, तो भी दूसरों को हाथ नहीं लगाने देते।

**अथवा**

साहित्य का पांचजन्य समर भूमि में उदासीनता का राग नहीं सुनाता। वह मनुष्य को भाग्य के आसरे बैठने और पिंजड़े में पंख फड़फड़ाने की प्रेरणा नहीं देता। इस तरह की प्रेरणा देने वालों के वह पंख कतर देता है। वह कायरों और पराभव-प्रेमियों को ललकारता हुआ एक बार उन्हें भी समर भूमि में उतरने के लिए बुलावा देता है।

**8.** पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) रामचन्द्र शुक्ल ने अपने पिता जी की किन-किन विशेषताओं का उल्लेख किया है ? 4

(ख) कवि-पुरोहित के रूप में साहित्यकार की भूमिका स्पष्ट कीजिए। 2

ClassResult.in

(ग) आँखें बन्द रखने व आँखे खोलकर देखने के क्या परिणाम निकले ? 2

(घ) कुटज के जीवन से हमें क्या शिक्षा मिलती है ? 2

**9.** *'अंतराल' (भाग-दो)* के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) सूरदास जगधर से अपनी आर्थिक हानि को छिपाना क्यों चाहता था ? 2

(ख) शैला और भूप ने मिलकर किस तरह पहाड़ पर अपनी मेहनत से नई जिन्दगी की कहानी लिखी ? 2

(ग) बिसनाथ को प्रकृति सजीव नारी बनी हुई क्यों लग रही थी ? 2

(घ) नेमावर के पास बजवाड़ा में नर्मदा के दृश्य तथा लेखक के नर्मदा के प्रति विचारों का वर्णन कीजिए। 4

**अथवा**

धरती का वातावरण गर्म क्यों हो रहा है ? इसमें यूरोप और अमेरिका की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

**10.** *'अभिव्यक्ति और माध्यम'* के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $5 \times 3 = 15$

(क) श्रोताओं को या पाठकों को बाँधकर रखने की दृष्टि से प्रिंट माध्यम, रेडियो और टी० वी० में सबसे सशक्त माध्यम कौन-सा है ? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

(ख) समाचार लेखन के लिए प्रयुक्त होने वाले छः ककारों का विस्तार से वर्णन कीजिए।

(ग) अध्यापक और शिष्य के बीच गृहकार्य को लेकर ***चार-चार*** संवाद लिखिए।

ClassResult.in